जातीय आरक्षण की राजनीति चिंतनीय, जातियों के आरक्षण का राज्यों को अधिकार नहीं

सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय

जी. के. छिब्बर

स्वतंत्रता प्राप्ति के 77 वर्ष हो चुके है ओर आज भी जातीय आरक्षण वृद्धि की राजनीति राज्य की सरकारें करती आ रही है और संवैधानिक प्रावधानों का उलंघन कर वोट बैंक को राजनीति कर रही है। इस पर महत्वपूर्ण निर्णय सर्वोच्च न्यायालय के पीठ न्यायमूर्ति हिमा कोहली एवम न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने के.निर्मला एवं अन्य बनाम केनरा बैंक की याचिका में निर्णय दिया है कि आरक्षित जाति की अधिसूचना निरस्त होने पर नियुक्त कर्मचारियों को नौकरी से हटाया नहीं जा सकता।

प्रकरण के तथ्यो के अनुसार कर्नाटक सरकार ने जातीय सर्वे कर कोटीकर समुदाय को अधिसूचना जारी कर अनुसूचित जाति घोषित कर आरक्षण का लाभ दिया जिसके आधार पर इस जाति वर्ग को याचिकाकर्ता को आरक्षण के आधार पर केनरा बैंक मे नौकरी मिली थी। वर्ष 2000 में सुप्रीम कोर्ट की संविधान ने स्टेट ऑफ महाराष्ट्र बनाम मिलिंद की याचिका में निर्णित किया कि राज्य को किसी भी जाति को अनुसूचित जाति अधिसूचित करने का अधिकार नही है ऐसा करना संविधान के अनुच्छेद 341, 342 का उलंघन है। यह केंद्र का विषय है और अनुसूचित जाति का निर्धारण राष्ट्रीय जनजाति आयोग द्वारा ही किए जाने का संवैधानिक प्रावधान है।

सुप्रीम कोर्ट के स्टेट ऑफ महाराष्ट्र बनाम मिलिंद के प्रकरण के आधार पर कर्नाटक सरकार की अधिसूचना निरस्त मानी गई और वह पुन: सामान्य श्रेणी में आ गया परिणाम स्वरूप जिन लोगों को आरक्षण का लाभ मिला उन्हें वह लाभ वापस लिया जाना विधिवत था। याचिकाकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया कि क्यो न उनकी सेवाएं समाप्त की जाए क्योंकि बे अब सामान्य जाति वर्ग में आ गए है। याचिकाकर्ताओं ने कारण बताओ नोटिस को चुनौती दी और मामला सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचा।

सर्वोच्च न्यायालय ने 28 अगस्त 2024 को निर्णय दिया कि जिस समय याचिकाकर्ताओं की नियुक्ति की गई थी तब वह उनकी जाति अनुसूचित घोषित की जा चुकी थी और उन्होंने विधिवत आवेदन दिया था और नियुक्ति विधिवत थी, लेकिन वर्षों से सेवा में रहने के दौरान अधिसूचना निरस्त होने पर नौकरी से हटाने के लिए कारण बताओं नॉटिस जारी करना विधि सम्मत नही माना जा सकता इसलिए नोटिस देना न्यायोचित नहीं है उसे निरस्त किया जाता है।

इस निर्णय का निष्कर्ष यह है कि राज्य सरकारें वोट की राजनीति में सामान्य जाति को भी आरक्षण वर्ग में कर देती है जबकि उसकी जाति निर्धारण की संविधान में व्यवस्था है । संविधान निर्माता डॉ बी .आर.अंबेडकर ने यह काम राष्ट्रीय आयोग द्वारा करने का प्रावधान किया हैं जिसमे केंद्र सरकार को अधिकार दिया है कि वह आरक्षित जाति की अधिसूचना जारी करे ।

पश्चिम बंगाल की ममता सरकार भी यह गलती कर रही है जो अल्पसंख्यकों की जातियां विभाजित कर आरक्षण देने पर कार्यवाही कर रही है जो संविधान के विपरीत है। आजकल तो जातीय जनगणना की राजनीति भी जोर पकड़ रही है जो आजादी के 77 वर्ष पश्चात आश्चर्य का विषय है। जबकि संविधान निर्माता आजादी के बाद 10 से 20 वर्ष तक ही सीमित रखने का प्रावधान किए था जिसके आधार पर गत माह सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय में कहा था जो आरक्षण के लाभ से संपन्न हो गए हैं उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए और उप जातियों का वर्गीकरण कर लाभ दिए जाए ताकि आरक्षित जातियों के समस्त वर्ग लाभान्वित हो परन्तु इस निर्णय का भी विरोध हो रहा है जिसका सामान्य वर्ग से कोई लेना देना नही हैं। यह चिंतन का विषय हैं।

53वीं शलाका जनजातीय चित्र प्रदर्शनी 30 तक

भोपाल। मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय द्वारा प्रदेश के जनजातीय चित्रकारों को चित्र प्रदर्शनी और चित्रों की बिक्री के लिये सार्थक मंच उपलब्ध कराने की दृष्टि से प्रतिमाह %लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा% में किसी एक जनजातीय चित्रकार की प्रदर्शनी सह विक्रय का संयोजन शलाका नाम से किया जाता है। इसी क्रम में आज 3 सितंबर, 2024 से भील समुदाय की चित्रकार सुश्री सुनीता भावोर के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय का संयोजन किया गया है। 53वीं शलाका चित्र प्रदर्शनी 30 सितंबर, 2024 (मंगलवार से रविवार) तक निरंतर रहेगी।

तीस वर्षीय युवा भीली चित्रकार सुनीता भावोर का जन्म मध्यप्रदेश के जनजातीय बहुल झाबुआ जिले के एक छोटे से ग्राम खजूरखो में हुआ, जो कि मध्यप्रदेश के सुदूर पश्चिम में गुजरात राज्य की सीमा से सटा हुआ है।

कृषक पिता थावर सिंह की पाँच संतानों में आप सबसे बड़ी हैं। जंगल-पहाड़ों से घिरे ग्रामीण वातावरण और प्रकृति के सान्निध्य में आपका बचपन गुजरा। आपने मात्र प्राथमिक स्तर तक की शिक्षा प्राप्त की है क्योंकि इसके आगे की शिक्षा के लिए आस-पास कोई स्कूल नहीं था।

बिना टिकट यात्रा करते 336 यात्री पकड़े

भोपाल। पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन एवं मंडल रेल प्रबंधक के निर्देशन में भोपाल मंडल द्वारा अधिकृत यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने तथा रेल राजस्व में वृद्धि करने हेतु सतत प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में भोपाल मंडल के हरदा स्टेशन पर 28 टिकट चेकिंग स्टाफ के सहयोग से किलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। पर्यवेक्षक टिकट चेकिंग स्टॉफ की निगरानी में चलाये गए इस टिकट चेकिंग अभियान के दौरान स्टेशन के बाहर निकलने वाले रास्ते की घेराबंदी की गई, ताकि कोई भी यात्री बिना जाँच के स्टेशन के बाहर न जा सकें। इस किला बन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान स्टेशन पर आने-जाने वाली 11 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले 114 यात्री पकड़े गए, जिनसे रुपये 61,970/- बतौर किराया/जुर्माना वसूला किया गया। अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले 212 यात्री पाए गए, जिनसे रुपये 92,460/- बतौर जुर्माना/किराया वसूल किया गया। बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा कर रहे 03 यात्रियों से रुपये 500/- वसूल किया गया, स्टेशन पर गंदगी फैलाते हुए 07 यात्री से 800/- रुपये जुर्माना वसूलने के साथ ही यात्रियों को उचित टिकट लेकर ही यात्रा करने एवं गंदगी ना करने की समझाईश दी गई। इस प्रकार हरदा स्टेशन पर चलाये गए क़िलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट, बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करते पाए गए यात्रियों के पकड़े गए कुल 336 मामलों से कुल रुपये 1,55,730/- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ।

निसान मैग्नाइट ने 1.5 लाख यूनिट्स की बिक्री का आंकड़ा पार किया

भोपाल। निसान मोटर इंडिया ने अगस्त, 2024 में निसान मैग्नाइट की 1.5 लाख यूनिट्स की बिक्री का आंकड़ा पार हो जाने का एलान किया है। निसान मैग्नाइट को दिसंबर 2020 में लॉन्च किया गया था। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने अगस्त 2024 में कुल 10,624 कारों की बिक्री की, जिसमें से 8,361 कारों का निर्यात किया गया और 2,263 कारें घरेलू बाजार में बेची गईं।चालू वित्त वर्ष 2024-25 में यह निसान की ओर से अब तक का सर्वाधिक मासिक बिक्री का आंकड़ा है।

वैशाली फार्मा की इनोवेशन के साथ मजबूत विकास गति जारी रखने की उम्मीद

भोपाल। मुंबई स्थित वैशाली फार्मा लिमिटेड के बॉर्ड ऑफ डिरेक्टर्स ने 28 अगस्त, 2024 को आयोजित बैठक में स्टॉक विभाजन के साथ 1-1 के अनुपात में बोनस इक्विटी शेयर जारी करने की सिफारिश की है जो आवश्यक नियामक और शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। कंपनी ने रु. 10 अंकित मूल्य के 1 इक्विटी शेयर को रु. 2 के अंकित मूल्य के 5 इक्विटी शेयरों में उप-विभाजन को मंजूरी दे दी। बोनस इश्यू का उद्देश्य मौजूदा शेयरधारकों को पुरस्कृत करना, तरलता बढ़ाना और शेयरधारक आधार का विस्तार करना है।

एचडीएफसी ने लॉन्च किया गीगा

भोपाल। भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने विशेष रूप से गीगा वर्कर्स/फ्रीलांसरों के लिए डिजाइन किए गए उत्पादों और सेवाओं का एक संपूर्ण वित्तीय सेट गीगा लॉन्च किया। शुरुआत के तौर पर, बैंक ने फ्रीलांसरों की जरूरतों को समझने के लिए एक गहन उपभोक्ता शोध अध्ययन किया, जिसके आधार पर, इसने गीगा लॉन्च किया है - जो एक डिजिटल-फर्स्ट प्रोग्राम तथा फ्रीलांसरों की जरूरतों को पूरा करने के लिए कई तरह के कस्टमाइज्ड उत्पाद और सेवाएँ प्रदान करता है।

कार्यालय संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग खण्डवा
आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हाऊसिंग बोर्ड द्वारा विकसीत हुडको योजना जसवाड़ी रोड़ खण्डवा में स्थित भवन/भूखण्ड क्रमांक E-99 EWS मंडल द्वारा श्रीमती रानू बाई उर्फ राजवंतीबाई पति श्री राजाराम सिलोटे के नाम से आबंटित है। उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 25/03/2012 को पंजीकृत है। श्रीमती रानू बाई उर्फ राजवंतीबाई से उक्त संपत्ति का श्रीमती गंगा पति श्री दीपक कहारे ने क्रय कर विक्रय विलेख का पंजीयन दिनांक 12/08/2024 को अपने पक्ष में करा लिया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन शपथ पत्र/संयुक्त शपथ पत्र/विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं हस्तांतरण अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती गंगा पति श्री दीपक कहारे की ओर करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त संपत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ संस्था/ वित्तिय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं कि जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने को स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी,
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल संभाग खण्डवा

कार्यालय नगर पालिक निगम सागर म.प्र.

क्र./नामा.शा./न.नि./2024-25/49 **सागर, दिनांक 30/08/2024**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिये गये भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर आयुक्त नगर पालिक निगम सागर के नाम से प्रस्तुत कर सकते है।

क्र.	प्र. क्र.	वार्ड का नाम भवन/प्लाट	किस आधार पर	नाम बेचवार/ वसीयतनामा/ दानदाता/वंशानुक्रम द्वारा	जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है
1	771/24-25	बाघराज	रजि. बैनामा शपथ पत्र	प्रकाश पिता स्व. शिवशंकर चौबे	प्रहलाद कुमार पिता मानकचंद एवं सेजल पुत्री प्रहलाद कुमार गांधी
2	772/24-25	बाघराज	रजि. बैनामा शपथ पत्र	प्रकाश पिता स्व. शिवशंकर चौबे	वैशाली पति उत्कर्ष एवं उत्कर्ष पिता राजेश बोहरे
3	773/24-25	इतवारी	रजि. बटवारा शपथ पत्र	फूलचंद पिता गुलाबचंद जैन	दुर्गेश पिता स्व. फूलचंद जैन
4	774/24-25	इतवारी	मृत्यु-प्रमाण पत्र शपथ पत्र	परषोत्तम पिता स्व. शंकरलाल प्रजापति	संतोषरानी पति स्व. परषोत्तम, रामस्वरूप, गोविंद, भरत, गनेश एवं पुष्पा पिता स्व. परषोत्तम प्रजापति
5	775/24-25	शास्त्री	रजि. बैनामा शपथ पत्र	नर्मदाबाई पति सुखनंदन अहिरवार	सोमवतीबाई पति धनीराम एवं संजय पिता धनीराम प्रजापति
6	776/24-25	अम्बेडकर	रजि. बैनामा शपथ पत्र	सिद्धी प्रिया एसो. द्वारा मनीष पिता तुलाराम साहू एवं रामदयाल पिता स्व. बिहारीलाल पटेल	अरूण सिंह एवं आदित्य सिंह पिता अमर सिंह राजपूत
7	777/24-25	अम्बेडकर	रजि. बैनामा शपथ पत्र	पुरूषोत्तम, जुगल किशोर एवं देवी प्रसाद पिता शोभाराम पटेल	पिंकी पति विवेक एवं विजेन्द्र पिता भगवानदास सेन
8	778/24-25	अम्बेडकर	रजि. बैनामा शपथ पत्र	मे. श्री एसोसिएटस द्वारा आनंद कुमार पिता वीरेन्द्र कुमार गुप्ता	माधुरी पति हेमंत कुमार सोनी
9	779/24-25	अम्बेडकर	रजि. बैनामा शपथ पत्र	संतोष पिता स्व. देवकी नंदन रोहण	सुशील कुमार पिता रामसेवक शुक्ला
10	780/24-25	अम्बेडकर	रजि. बैनामा शपथ पत्र	राजकुमार पिता कडोरीलाल पटेल मानवेन्द्र पिता सुखदेव मिश्र, अंबिका पति नरेन्द्र सिंह गौर एवं शील कुमार पिता स्व. रामदीन चौबे	शिवानी पुत्री हरिदास वैद्य

कृते-आयुक्त, नगर पालिक निगम, सागर म.प्र.

सूडोकु नवताल 7174

✱✲✲✲✲ सरल

2	9			5				4
4			2		7		8	
	1	6		8				3
8		5		9				7
3	6			2			1	9
1				3		5		2
5				7		6	3	
	3		1		8			5
9				6			2	1

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7173 का हल

7	8	1	6	9	4	2	5	3
2	6	4	5	3	6	1	7	9
5	3	9	1	2	7	4	6	8
9	5	8	7	4	1	3	2	6
1	2	3	9	5	6	7	8	4
4	7	6	3	8	2	9	1	5
3	9	7	2	6	5	8	4	1
6	4	2	8	1	9	5	3	7
8	1	5	4	7	3	6	9	2

काकुरो पहेली - 6853



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

काकुरो - 6852 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8240

बाएँ से दाएँ

1.सुगंध,खुशबू-3
3.व्यवस्था-2,2
5.आम लोग-2
6.चिंतन,सोच विचार-3
7.पराया-2
8.विनाश,विध्वंस-2
10.अपने ही घर में बंधक-5
12.बसंत,घेरा-3
15.आँचल,पल्लू-3
17.सँघमार-5
20.भाग्य (अंग्रेजी-2)
22.एक सवारी गाड़ी-2
23.शीहर,पिता का घर-3
24.नवीन,नया,नवजात-2
25.लात मारना-4
26.चौंक,न भरने वाला जख्म-3

ऊपर से नीचे

1.जी,चित्त,इच्छा-2
2.करधनी,कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
3.तार कसना-3
4.जोकर,विदूषक-4
5.दुनिया,जगत-3
7.पंख-2
9.सदैव,हरदम-2
11.जन्म,पैदा होना-3
13.जुड़वा-3
14.आश्चर्य में पड़ना-5
15.जंगल की आग-4
16.टोंटी,नलका-2
18.वश,अधीन-2
19.परिणाम,हल-3
21.अर्जित करना-3
24.लोहे की तांत-2

शब्द पहेली -8239 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 6671

ऊपर से नीचे:-

१. संजीवकुमार, शबाना आजमी की फिल्म-३
२. देवआनंद, वहीदा रहमान की 'रंगीला रे तेरे रंग में' गीत वाली फिल्म-२,३
३. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली आफ ताब, लिसा रे की फिल्म-३
४. फिल्म 'रफूचक्कर' में ऋषिकपूर के साथ नायिका कौन थी ?-२,२
५. फिल्म 'छैला बाबू' में राजेश खन्ना के साथ नायिका कौन थी ?-३
९. अमिताभ, रितिक, प्रीती जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'तुम रूठ के मत जाना' गीत वाली भारतभूषण, मधुबाला की फिल्म-३
१३. किशोर कुमार, चाँद उस्मानी की 'छोटा सा घर होगा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, टिवंकल की फिल्म-२
१५. फरदीनखान, उर्मिला की 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'तेरे प्यार का छाया नशा' गीत वाली आफताब, युक्ता मुखी की फिल्म-२
१९. फिल्म 'काश आप हमारे होते' का नायक कौन है ?-२
२०. मिथुन चक्रवर्ती, टीना मुनीम की 'तुम सा नहीं देखा' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'ये लड़की जरा सी' गीत वाली कुमार गौरव, विजेयता पंडित की फिल्म-२,२
२२. मिथुन चक्रवर्ती, ऋतुपर्णा की 'गोरे रंग का जमाना' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'मिर्ची ये मिर्ची' गीत वाली फिल्म-३

बायें से दायें:-

१. फरदीन, करीना की अमिताभ बच्चन की शीर्षक भूमिका वाली फिल्म-२
२. 'चल दरिया में डूब' गीत वाली राजेश खन्ना, हेमा, मुमताज की फिल्म-२,३
६. करणनाथ, मनीषा, नतान्या की 'दिल तो उड़ने लगा' गीत वाली फिल्म-२
७. 'बाहर है प्रॉबलम' गीत वाली अमृता सिंह, अमिताभ, मीनाक्षी की फिल्म-३
८. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिलकपूर, माधुरी की फिल्म-३
११. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'गोरी तेरे अंग अंग में' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'बोल बेबी बोल' गीत वाली अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-२,२
१६. बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की 'दुनिया हसीनों का मेला' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'कोई माने या ना माने' गीत वाली फिरोजखान, रेखा की फिल्म-३
१९. देवआनंद, वहीदा की 'है अपना दिल तो आवारा' गीत वाली फिल्म-३,२
२३. 'गिर गया झुमका' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३
२४. फिल्म 'तीसरी कसम' में राजकपूर के साथ नायिका कौन थी ?-३
२५. प्राण, नवीन निश्चल, रेखा की 'ना सतरा से ऊपर' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'तुझे प्यार करते करते' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-४
२७. अजय देवगन, रानी मुखर्जी की 'ना ना मेहंदी ना मुझको लगाना' गीत वाली फिल्म-२,२

फिल्म वर्ग पहेली- 6670

आ	ई	मि	ल	न	की	बे	ला		ख
गा		ल		गिं		ना		मि	ली
ज	मी	न		स	न	म			मा
	ना		सु		गी		पिं	ज	र
ज		प	र	वा	न			झ	
ग	द	र		स्त		दो	ब	द	न
ल		ख		व	ध		ल		व
	क		ना		न	ग	मा		रं
ख	ह	जा	दा		वा			रं	ग
	र		न	वा	न	ख		भा	

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग- 6780

5	1		4	2		7
	31		28		30	1
		7	3		2	
4	33		29	1	31	6
3		1		5		
	34	6	35		40	3
2	3		1	6	7	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 6779 का हल

5	7	2	4	1	6	3
2	23	1	26	6	40	6
1	2	3	4	5	6	7
4	32	4	32	4	32	4
7	6	5	4	3	2	1
6	47	7	35	7	26	2
3	7	6	1	2	4	5

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 7780

गु	ज	मा	र	ग	क	ल्या	ण	सिं	ह	ना
ला	वि	या	ग	चं	जी	ग	द	इ	श्री	रा
य	स	व	ल	बा	द्र	घी	ता	रा	प	य
म	ज	ती	दो	पु	ज	भा	ह	न	ति	ण
सिं	ब	रा	भा	लू	लं	का	न	ग	मि	द
ह	द	ना	ज	य	ख	पू	ना	गु	श्र	त
ती	लो	म	व	ना	र	सी	दा	रा	स	ति
क	र्ज	रा	ई	ना	थ	क	गो	लो	श	वा
ने	वा	म	ल्ल	व्रा	थ	सिं	री	श	प	री
चौ	ध	री	ब	र	ण	सिं	ह	वें	ख	त
क	द	प	क	म	ला	प	ति	त्रि	पा	ठी

शब्द जाल में उत्तर प्रदेश के 10 मुख्यमंत्रियों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे हैं.

मुलायम सिंह, कल्याण सिंह, मायावती, राजनाथ सिंह, चंद्रभान गुप्त, नारायण दत्त तिवारी, श्रीपति मिश्र, बनारसी दास, चौधरी चरणसिंह, कमलापति त्रिपाठी

शब्दजाल - 7779 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore